nandgaon times feb-26.qxd 2/25/2025 9:37 PM Page 1

माथलडबरी में मतगणना के दौरान हंगामा... पृष्ठ 2 | लोकमाता अहिल्यादेवी होलकर शताब्दी ... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स





।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559


बुधवार, 26 फरवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 133, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# जनता का अपार आशीर्वाद हमारी जिम्मेदारी को बढ़ाता है : सीएम



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को बैठक रखी गई। नगरीय निकायों में सभापति और उपाध्यक्ष चुनाव के परिप्रेक्ष्य में भाजपा की बैठक वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन रखी गई। राजधानी रायपुर के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को बैठक रखी गई। नगरीय निकाय चुनाव में नगर निगमों के सभापति, नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों में उपाध्यक्ष चुनाव के परिप्रेक्ष्य में बैठक की गई। इस बैठक में सम्भाग प्रभारी-सह प्रभारी और नगरीय निकाय चुनाव की दृष्टि से जिला प्रभारी-सह प्रभारी, जिला अध्यक्ष, नगर निगमों के संगठन प्रभारी-सह प्रभारी नगर निगम, नगरपालिका और नगर पंचायत के नियुक्त पर्यवेक्षक और नगरीय निकाय की प्रदेशस्तरीय टीम की शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि, यह जीत हमारे शीर्ष नेतृत्व और सभी कार्यकर्ताओं की जीत है। हमें मिल रहा सम्मान स्वागत सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत है। जो सफलता भाजपा ने हासिल की है वो पहले कभी नहीं मिली थी। प्रदेश के हर कोने में हमने विकास कार्य शुरू किए हैं। हमारे रोड शो में जैसी भीड़ उमड़ रही थी उससे ही जीत का विश्वास हो गया था। उन्होंने ने कहा कि, हमारे वरिष्ठ नेता शिवप्रकाश, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन का भी लागतार मार्गदर्शन मिलता रहा। कई जगहों पर कांग्रेस अपने प्रत्याशियों घोषित नहीं कर पाई। जनता का अपार आशीर्वाद हमारी जिम्मेदारी और बढ़ाता है। हम उस पर पूरी तरह खरे उतरेंगे। जनता के कार्यों के लिए हम दिन-रात काम करेंगे,कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। भाजपा कांग्रेस की तरह नहीं है। कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए कुछ भी वादे करती है और इसे पूरा नहीं करती। लेकिन भाजपा सोच-समझकर वादे करती है जो भी वादे किए गए उसे भाजपा शत-प्रतिशत पूरा करेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि, हम सबने लक्ष्य रखा था जो एक बड़ी चुनौती था कि पंचायत से पार्लियामेंट भाजपा का परचम लहराना चाहिए। आप सबकी मेहनत से ये हासिल कर लिया गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने परिश्रम की पराकाष्ठा की है, इसके लिए मैं अध्यक्ष के नाते हाथ जोड़कर सबका अभिनंदन करता हूं। प्रदेश में लगातार विकास के कार्य हुए व लोगों ने इस बात को महसूस किया। जो भाजपा कहती है वो करती है। मोदी जी की गारंटी को जिस प्रकार विष्णु देव साय सरकार ने नीचे तक पहुंचाया है यह जीत उसका प्रभाव है।जनता के विकास पर मुहर लगाई है।जनता का हम बहुत बहुत अभिनंदन करते है। उन्होंने ने कहा कि, पंचायत चुनाव के 33 जिलों में 30 जिलों में भाजपा प्रचंड जीत की ओर है ये एक बड़ा जनादेश है। भाजपा के कमल फूल के सामने कांग्रेस कहीं दिखाई नहीं दी। छत्तीसगढ़ की यह जीत पूरे देश में हुई बड़ी जीतों में एक है। राष्ट्रीय नेतृत्व ने भी इसके लिए छत्तीसगढ़ भाजपा को बधाई दी है। जनता के आशीर्वाद से हम सब एक बड़े फलदार वृक्ष बन चुके है जो वृक्ष जितना फलदार होता है उतना झुका हुआ होता है। इसी प्रणाली से हम सब कार्य करेंगे। नगर निगम सभापति, नगर पालिका अध्यक्ष के लिए 4 से 6 मार्च, नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए 9 से 11 मार्च तक हमें सारी प्रकिया को पूर्ण करना है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, सभी के सार्थक प्रयास से छत्तीसगढ़ में इतिहास रचने का काम हुआ है। जो नतीजे आए हैं, जिससे कांग्रेस के मुंह से आवाज आ रही है अरे दादा रे ये क्या हो गया? 10 नगर निगम में हमने कांग्रेस को शून्य पर आउट किया है। 3200 वार्डों में से 1868 वार्ड में भाजपा की जीत हुई है। जो संगठन और सरकार के तालमेल का परिणाम है। हमारा जनाधार लगातार बढ़ रहा है। विधासनभा में 46 प्रतिशत लोकसभा में 52 प्रतिशत और नगरीय निकाय चुनाव में 56 प्रतिशत वोट हमें मिले हैं। हम लगातार अपने रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने कहा कि, यह जीत एक विराट जीत है। सरकार की नीतियां अब हर घर तक पहुंचे इसके लिए हम सबको कार्य करना है। छत्तीसगढ़ को कांग्रेस का प्रभाव क्षेत्र कहा जाता था, लेकिन भाजपा ने वो प्रभाव खत्म कर दिया है। जनप्रतिनिधियों का भी अभ्यास वर्ग किया जाएगा। वो पूरी ताकत से जनता की सेवा कर सके। प्रशिक्षण देकर उन्हें ज्यादा से ज्यादा काम करने की प्रेरणा देंगे। सभी अपनी विचारधारा को साथ लेकर चले इसे सुनिश्चित किया जाएगा। भाजपा ने 85 प्रतिशत रिजल्ट हासिल किया है, लेकिन 15 प्रतिशत जो कांग्रेस के पक्ष में आया भाजपा उसकी भी समीक्षा करेगी। आगामी चुनावों में शत प्रतिशत रिजल्ट सुनिश्चित करेगी। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने निगम के सभापति सहित अन्य सभी बाकी कार्यों के लिए आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

## भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय बैठक की व्यापक तैयारियां प्रारंभ



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय मजदूर संघ छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश के शीर्षस्थ मजदूर नेताओं की छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में प्रस्तावित दो दिवसीय बैठक की जिला भारतीय मजदूर संघ ने व्यापक तैयारियॉ प्रारंभ कर दी है, आज महावीर चौक स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में जिला कार्यकारिणी की एक आवश्यक बैठक भामसं के प्रदेश महामंत्री दिनेश पांडे व विभाग प्रमुख योगेशदत्त मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न हुई जिसमें बैठक की सफल व्यवस्था के लिये व्यापक विचार विमर्श हुआ और विभिन्न समितियों का गठन कर उसके प्रभारी व सदस्यों की नियुक्ति की गई तथा सभी को तत्काल कार्य पर लग जाने का निर्देश दिया गया।

उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुये भामसं के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता भामसं के जिला अध्यक्ष लाखन सिंह कुशवाहा कर रहे थे, बैठक में जिले के सभी प्रमुख मजदूर नेता उपस्थित थे। बैठक में आगामी 8 व 9 मार्च को डोंगरगढ़ के मॉ बम्लेश्वरी प्रांगण में स्थित क्षीरपानी जलाशय के समीप मनोहारी दृश्य वाले गेस्ट हाउस में आयोजित की गई है। बैठक के प्रतिनिधिगण 8 मार्च से बैठक स्थल पर पहुंचने लगेंगे इसलिये व्यवस्था संबंधी कार्यकर्ताओं को 08 मार्च को प्रात: 10 बजे क्षीरपानी विश्राम गृह में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। बैठक के सफल आयोजन के लिये भोजन व्यवस्था समिति, आवास व्यवस्था समिति, आने व जाने वाले प्रतिनिधियों के लिये यातायात व्यवस्था समिति तथा स्वागत व मंच संबंधी जरूरतों के लिये कमेटियों का गठन किया गया है। बैठक के लिये डोंगरगढ़ रेल्वे स्टेशन से लेकर बैठक स्थल तक भामसं के झण्डों से मार्ग को सजाया जायेगा, विशाल स्वागत द्वार का निर्माण भी होगा तथा आगत प्रतिनिधियों के स्वागत की भी व्यवस्था की जायेगी। इस हेतु आवास व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला मंत्री नरेश कुमार साहू जिला उपाध्यक्ष गजानंद मिश्रा, गोपाल पुजारी को सौंपी गई है, इस समिति में हेमंत साहू, गोपाल दास साहू रहेंगे इसी प्रकार साज-सज्जा व झण्डों की व्यवस्था की जिम्मेदारी केशव राम सिन्हा व गौतरिहा राम डेहरे को सौंपी गई है, इस समिति में ठाकुर राम यादव, बहल राम, कुशल यादव सदस्य रहेंगे। इसी तरह स्वागत व भोजन व्यवस्था की कमान जिला भामसं की कोषाध्यक्ष निर्मला साहू के जिम्मे रहेगा, इस समिति में भारती शर्मा, अल्का बारसागढ़े, धनेश्वरी साहू व बबीता बाघमारे सदस्य रहेंगे इसी प्रकार आने व जाने वाले प्रतिनिधियों के परिवहन व्यवस्था की जिम्मेदारी भामसं के जिला अध्यक्ष लाखन सिंह कुशवाहा को दी गई है, इसके अलावा अन्य कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। इन समितियों की सभी सदस्यों व प्रभारियों के आवश्यक बैठक 02 मार्च को पुन: आहूत की गई है।

## स्वदेशी मेला में नायरा रंगारी ने दी वेस्टर्न डांस की शानदार प्रस्तुति



**राजनादगांव (नांदगांव टाइम्स)।** स्टेट स्कूल में आयोजित स्वदेशी मेला के पांचवे दिन उभरती छालीवुड ,हॉलीवुड ओर बॉलीवुड फिल्मों की नन्ही बाल कलाकार नायरा रंगारी ने सबका मनमोह लिया वेस्टर्न डांस की बेहतरीन प्रस्तुति स्वैप से करके सबका स्वागत गाने पर नायरा ने मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को बांधे रखा कार्यक्रम में राकेश ठाकुर ,शुभारत चाकी ,शरद श्रीवास्तव , भाजपा के पदाधिकारी ,आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं शहर के अन्य वरिष्ठ जन उपस्थिति थे कार्यक्रम के पश्चात सुंदर प्रस्तुति के लिए स्वदेशी मेला के तरफसे नन्ही बाल कलाकार को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया



बाल कलाकार नायरा रंगारी केंद्रीय विद्यालय राजनादगांव कक्षा पांचवीं की छात्रा है।

## त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 संपन्न कलेक्टर ने किया आभार व्यक्त



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 संपन्न होने पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देने के साथ सभी का आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण मतदाताओं ने जागरूकता का परिचय देते हुए लोकतंत्र के इस पर्व में उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अभ्यर्थियों एवं राजनीतिक दलों ने भी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। मीडिया प्रतिनिधियों से निर्वाचन में सकारात्मक सहयोग मिला। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को निर्विघ्न, शांतिपूर्ण व सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी अधिकारी व कर्मचारी ने टीम भावना के साथ पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य किया। मतदान दलों के अधिकारी व कर्मचारियों ने सजग रहकर मतदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य को पूरी गंभीरता के साथ संपन्न कराया।

## तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव प्रारंभ







**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय महाशिवरात्रि पर्व महोत्सव का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन गायक विवेक शर्मा की प्रस्तुति के साथ हुआ। इस अवसर पर भजन गायक विवेक शर्मा ने भजनों के साथ साथ जस गीत और मनमोहक झांकियां भी प्रस्तुत किया। महाशिवरात्रि पर्व महोत्सव का शुभारंभ श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल उपाध्यक्ष द्वय अनिल गट्टानी व संजय श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष चंद्र प्रकाश मिश्रा मंत्री महेंद्र सिंह परिहार सहमंत्री बबलू शांडिल्य पूर्व अध्यक्ष पिताम्बर स्वामी ट्रस्टी गण प्रकाश बिंदल संजीव गोमास्ता अजय ठाकुर ने पूजा अर्चना कर किया। इस अवसर पर भजन गायक विवेक शर्मा ने भजनों के साथ साथ जस गीत और मनमोहक झांकियां भी प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का आनंद लेने हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## आसरा में नवनिर्वाचित सरपंच व पंचों का विजयी जुलूस निकला



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम पंचायत आसरा में नवनिर्वाचित सरपंच शरद वैष्णव ने मतदाताओं के लिए आभार रैली निकाली। रैली में ग्रामीणों ने डीजे व धूमाल की धुन में खूब थिरके व आतिशबाजी किए। रैली ग्राम पंचायत आसरा से टोलापारा होते हुए आश्रित ग्राम अड़ाम पहुंचे। ग्राम पंचायत आसरा के सरपंच बने शरद वैष्णव ने प्रत्येक गलियों प्रत्येक घरों में जाकर आशीर्वाद लिया। मतदाताओं ने आरती उतारकर श्रीफल, शाल, टॉवेल भेंटकर सम्मानित करते हुए रैली को भव्य बना दिया। विजय रैली के दौरान ग्रामीण बड़ी संख्या मे उपस्थित थे। वैष्णव ने गांव विकास के लिए हर पल तैयार रहना का भरोसा दिलाया।

## निगम आयुक्त के निर्देश पर मटियामोती जलाशय से प्रथम चरण में 50 एमसीएफटी पानी छोड़ा गया

### तीन दिन में राजनांदगांव स्थित शिवनाथ नदी पहुंचेगा पानी





**राजनांदगांव( नांदगाँव टाइम्स )** शिवनाथ नदी के मोहारा एनीकट का जलस्तर कम होने के कारण नगर में रॉ वाटर प्रदाय सुनिश्चित करने के लिए जिलाधीश एवं प्रशासक श्री संजय अग्रवाल के निर्देश पर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग, बालोद को पत्र लिखकर मटियामोती जलाशय से पानी छोड़ने का अनुरोध किया था। इस पत्र के परिपालन में आज जल विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में मटियामोती जलाशय से प्रथम चरण में 50 एमसीएफ्टी पानी छोड़ा गया।

इस प्रक्रिया के तहत बालोद जिले के जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता श्री ए.के. बघेल, उप अभियंता सुश्री स्वाति देवांगन तथा नगर निगम राजनांदगांव के जल विभाग के तकनीकी अधिकारी एवं स्टाफ मौजूद रहे। छोड़ा गया पानी लगभग 40 किलोमीटर की यात्रा तय करते हुए लगभग तीन दिनों में मोहारा स्थित शिवनाथ एनीकट पहुंचेगा।

**ग्रीष्मकालीन जल आपूर्ति सुनिश्चित करने की पहल**

मटियामोती जलाशय में कुल 600 एमसीएफ्टी पानी संग्रहित है, जिसमें से 350 एमसीएफ्टी पानी ग्रीष्म ऋतु के लिए नगर निगम राजनांदगांव को पेयजल आपूर्ति हेतु सुरक्षित रखा गया है। पहले चरण में छोड़े गए 50 एमसीएफ्टी पानी के अंतर्गत आज 150 क्यूसेक (घनफीट प्रति सेकंड) की दर से पानी प्रवाहित किया गया।




nandgaon times feb-26.qxd 2/25/2025 9:37 PM Page 2



# माथलडबरी में मतगणना के दौरान हंगामा, दो वोट से हारजीत का फैसला

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पंचायत चुनाव के तृतीय चरण में कल हुए शांतिपूर्ण मतदान के बीच कुछ ग्रामों में वोटिंग और मतगणना को लेकर विवाद भी सामने आया है। डोंगरगांव से लगे ग्राम पंचायत माथलडबरी में दो वोट से हार जीत के बाद हारे हुए प्रत्याशी के समर्थकों ने जमकर हंगामा मचाया और रिकाउटिंग को लेकर अड़ गए, जिसके बाद मौके पर पुलिस फोर्स बुलाना पड़ा, साथ में आला अधिकारी भी पहुंचे। समझाईश के बाद लगभग रात 1 बजे के बाद मामला शांत हुआ और मतदान दल को गंतव्य के लिए रवाना किया जा सका।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत माथलडबरी में सरपंच पद हेतु पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। इनमें मुख्य टक्कर माथलडबरी के आश्रित ग्राम रेंगाकठेरा निवासी मधु ओमेश यदु तथा ग्राम पंचायत मुख्यालय माथलडबरी निवासी कमलेश्वरी प्रेम सिन्हा के बीच था। मतों की गिनती के बाद मतदान दल द्वारा मधु ओमेश यदु के मात्र दो वोटों से जीतने तथा कमलेशरी प्रेम सिन्हा के दो वोटों से पराजित होने की घोषणा की गई। इतना सुनते ही हुई पराजित प्रत्याशी के समर्थक और ग्रामवासी नाराज हो गये और वहां हंगामा शुरू हो गया। इस बीच ग्राम माथलडबरी में बड़ी संख्या में महिलाएं भी मतगणना केन्द्र में उपस्थित हो गये और परिणाम को अप्रत्याशित बताते हुए रिकाउटिंग की मांग करने लगे। हंगामें की खबर तुरंत ब्लॉक मुख्यालय पहुंची और वहां से बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स के



साथ एसडीएम श्रीकांत कोराम, रिटर्निंग अधिकारी व तहसीलदार पीएल नाग सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और हंगामा कर रहे ग्रामीणों को समझाईश देने का प्रयास किया। परन्तु, ग्रामीण तुरंत रिकाउटिंग की मांग, मतदान दल पर कथित रूप से धांधली आदि का आरोप लगाते हुए विवाद करने लगे। ग्रामीणों का आरोप था कि मतदान कार्य में लगे कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध रही। मतदान के कुछ समय के लिए लाइट बंद हो गया, तब किसी को दो तो किसी को चार पर्ची थमाया गया। कईयों ग्रामीणों ने शिकायत की कि उनका जबरदस्ती अंगूठा लगाया गया। साथ ही पेटी सील करते समय भी मतदान कार्य में लगे एजेंटों से हस्ताक्षर आदि नहीं लिया गया। ऐसे अनेक प्रकार की शिकायतें ग्रामीण अधिकारियों से करते रहे। देर रात चले हंगामें के बाद अंततः जब उन्हें यह बताया गया कि रिकाउटिंग के लिए विधिवत् आवेदन देना होगा। तब लगभग रात 1 बजे ग्रामीण माने। इसके बाद भारी सुरक्षा के बीच मतदान दल को पेटी सहित ब्लॉक मुख्यालय को रवाना किया गया। जिसके बाद सोमवार को पराजित प्रत्याशी कमलेश्वरी प्रेम सिन्हा अपने समर्थकों और ग्रामीणों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंची और उन्होनें रिकाउटिंग का आवेदन दिया। इस संबंध में एसडीएम श्रीकांत कोराम ने बताया कि माथलडबरी के ग्रामीण मतगणना से संतुष्ट नहीं हैं, जिसकी शिकायत लेकर आये थे। उसने आवेदन लिया गया है, आगे नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

## भाजपा समर्पित चुनेश्वरी हरिशंकर देशमुख बनी ग्राम पंचायत फूलझड़ की दूसरी बार सरपंच

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत फुलझर मे भाजपा समर्पित श्रीमती चुनेश्वरी हरिशंकर देशमुख दूसरी बार सरपंच निर्वाचित हुई। ग्राम पंचायत फुलझर में सरपंच प्रत्याशी के रूप में चार उम्मीदवार मैदान पर डटे थे जिसमें श्रीमती चुनेश्वरी हरिशंकर देशमुख ने सर्वाधिक वोट पाकर विजय श्री हासिल किया।



ग्रामीणों ने विजय रैली का जोरदार जोशीले अंदाज में डीजे बाजे के साथ सैकड़ो समर्थकों ने रैली में शामिल होकर अबीर गुलाल, पुष्पहार से सरपंच श्रीमती चुनेश्वरी हरिशंकर देशमुख का स्वागत किया। सरपंच निर्वाचित होने पर श्रीमती चुनेश्वरी हरिशंकर साहू ने ग्राम फुलझर की मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत फुलझर के जनता ने जो मुझे स्नेह और विश्वास दिया है उसे पर मैं खरा उतरने का प्रयास करूंगी, गांव के हित में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खड़ा रहूंगी यह जीत ग्राम पंचायत फुलझर के मतदाताओं की जीत है मेरे सभी कार्यकर्ताओं की जीत है उन्होंने कहा कि पुरी प्रतिबद्धता के साथ ग्राम पंचायत फुलझर के सर्वांगीण विकास मेरी प्राथमिकता रहेगी।

## नगर पंचायत और जिला पंचायत के बाद अब जनपद पंचायत में भी भाजपा सरकार



### 20 में से 12 अधिकृत प्रत्याशी जीते



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** बीते दिनों संपन्न नगर पंचायत में शानदार बहुमत के बाद अब जिला पंचायत तथा जनपद पंचायत में भी भाजपा की सरकार बनना तय हो गया है। कल संपन्न हुए पंचायत चुनाव के अंतिम चरण के मतदान पश्चात् मतगणना के बाद जो तस्वतीर सामने आई है, उसके अनुसार भाजपा को जिला पंचायत में स्पष्ट बहुमत मिल गया है। भाजपा के 13 में से 10 अधिकृत प्रत्याशी जीत गये हैं। इसी प्रकार स्थानीय जनपद पंचायत में 20 में से 12 भाजपा समर्थित प्रत्याशी के जीतने की खबर के बाद भाजपा इसमें भी बाजी मार ले गई है। बता दें कि डोंगरगांव जनपद पंचायत अंतर्गत कुल 20 क्षेत्र हैं, जहां पर कल मतदान संपन्न हुआ था। मतदान के जो मतदान केन्द्र में ही मतों की गिनती की गई। मतगणना के पश्चात् जो तस्वीर उभरकर आई है, उसके अनुसार भाजपा के 12, कांग्रेस के 7 तथा एक बहुजन पार्टी से संबद्ध प्रत्याशी की जीत हुई है। 20 जनपद क्षेत्रों में हुए चुनाव में कुल 75 प्रत्याशी मैदान में थे। हालांकि, निर्वाचन कार्यालय द्वारा अधिकारिक रूप से अभी परिणाम की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन क्षेत्रों से हमारे सूत्रों द्वारा मिली जानकारी जनपद पंचायत में जो तस्वीर उभरकर सामने आई है, उसके अनुसार भाजपा के लिए स्थानीय जनपद पंचायत में 10 वर्षों का सूखा समाप्त हो गया है और उसके 12 प्रत्याशी चुनाव जीतकर आ गये हैं। मिली जानकारी अनुसार जनपद क्षेत्र क्र. 01 बांकल (अनु. जाति महिला) में पार्वती सूर्यवंशी, क्षेत्र क्र. 2 तुमड़ीबोड़ (पिछड़ा वर्ग महिला) में सरिता मदन साहू, क्षेत्र क्र. 3 कोहका ढाबा (पिछड़ा वर्ग महिला) जया तिमेश साहू, क्षेत्र क्र. 4 घोरदा (अना. मुक्त) से उमेश कुमार साहू, क्षेत्र क्र. 5 मचानपार (अनु. जाति मुक्त) से दौवा नारंग, क्षेत्र क्र. 6 मारगांव (अना. मुक्त) से कुमान सिंह नेताम, क्षेत्र क्र. 7 दीवानभेड़ी (अना. महिला) से ममता पटेल, क्षेत्र क्र. 8 मनेरी (अनु. जन. मुक्त) से विवेक कुमार मंडावी, क्षेत्र क्र. 9 आरी कोनारी (अना. महिला) से शोभना लिलेश पटेल, क्षेत्र क्र. 10 माथलडबरी (अना. महिला) से हरिला देवेन्द्र साहू, क्षेत्र क्र. 11 खुज्जी (पिछड़ा वर्ग महिला) से रवि कुमार साहू, क्षेत्र क्र. 12 खुर्सीपार (अना. महिला) से गेंदाबाई सेवकराम साहू, क्षेत्र क्र. 13 रूदगांव (अना. महिला) से दीपक बाई पटेल, क्षेत्र क्र. 14 अर्जुनी (पिछड़ा वर्ग मुक्त) से रेशमलाल साहू, क्षेत्र क्र. 15 रामपुर (अना. मुक्त) से मनीष कुमार साहू, क्षेत्र क्र. 16 मोखली (पिछड़ा वर्ग महिला) से रेशमा साहू, क्षेत्र क्र. 17 करमतरा (अना. मुक्त) से टुमन लाल साहू, क्षेत्र क्र. 18 कोकपुर (अना. मुक्त) से रंजीता पड़ौती, क्षेत्र क्र. 19 तिलईरवार (अनु.का जा. महिला) से कांति बाई तथा क्षेत्र क्र. 20 से आसरा (अनु. ज. जा. महिला) से अनिता पंचारी ने जीत दर्ज की है। इनमें से जनपद क्षेत्र क्र. 1, 3, 4, 7, 8, 10, 12, 13, 15, 16, 17, तथा 18 के प्रत्याशी को भाजपा समर्थित बताया गया है। जबकि कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी क्षेत्र क्र. 2, 6, 9, 11, 14, 19 तथा 20 में सफलता मिली है। क्षेत्र क्र. 5 के प्रत्याशी दौवा नारंग को पूर्व से ही बहुजन समाज पार्टी समर्थक माना जाता है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में वे भी किसी प्रमुख राजनीतिक दल में शामिल हो सकते हैं। चुनाव परिणाम के आने बाद कांग्रेसी खेमे में जहां मायूसी और सन्नाटा पसरा हुआ है, वहीं भाजपाई खेमे में हर्ष का माहौल है। बता दें कि जनपद अध्यक्ष का पद अनुसूचित जनजाति महिला के आरक्षित होने के बाद लोगों की निगाहें ऐसे आरक्षण वाली महिला सीटों पर टिकी है कि किसके नाम की लॉटरी निकलती है।

## बंपर जीत का श्रेय भाजपा के हर कार्यकर्ता को है: यांगेश बागड़ी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष (आर्थिक प्रकोष्ठ) एवं शक्ति केंद्र प्रभारी योगेश बागड़ी ने



नगर निगम राजनांदगांव एवं ग्राम पंचायत स्तर तक के सभी चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक एवं प्रचंड जीत पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए यह बताया है की ऐसी बंपर जीत का श्रेय भाजपा के हर कार्यकर्ता को है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की कुशल रणनीति एवं उनके एकजुट प्रयास ने कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने का काम किया है। जिला संगठन के अध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत एवं उनके अन्य पदाधिकारी, सदस्यों की कुशल रणनीति परिणामों में साफदेखी जा सकती है। नगर निगम राजनांदगांव में लाडले विधायक माननीय रमनसिंहजी के प्रति लोगों के लगाव साथ में मधुसूदन यादवजी का नाम और व्यक्तितव एवं अभिषेक सिंहजी, संतोष अग्रवालजी का कुशल चुनाव संचालन ही है जो इतनी बड़ी जीत और इतनी संख्या में पार्षद जीत कर आये हैं। शक्ति केंद्र 3 के दोनों ही वार्डो में वरिष्ठ नेता श्री खूबचंद पारख एवं श्री संतोष अग्रवाल जी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अथक मेहनत कर दोनों ही वार्डो में कांग्रेस को 3 रे नंबर पर ढकेल दिया है। योगेश बागडी ने सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को इस एतिहासिक सफलता पर बधाई भी प्रेषित की है।

**शुभांक**

**2-3-7**

**367-6 267-5**

## श्रीमती सविता तिलक सोरी जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 04 से 08 हजार से अधिक मतों से विजयी हुए

**राजनांदगॉव (नांदगांव टाइम्स)।** नवगठित मोहला मानपुर अम्बागढ़ चैकी जिले के अंतर्गत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 04 कौड़ीकसा से ग्राम अरजपुर निवासी श्रीमती सविता तिलक सोरी 08 हजार से अधिक मतों से जिला पंचायत सदस्य पद हेतु विजयी हासिल की। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत अंतिम चरण के अंतर्गत 23 फरवरी को संपन्न मतगणना के दौरान श्रीमती सविता तिलक सोरी को अपने जिला पंचायत क्षेत्र के अधिकांश मतदान केन्द्रों से बढ़त मिली है। श्रीमती सविता तिलक सोरी जैसे एक उच्च शिक्षित, मिलनसार, मृदुभाषी, सौम्य एवं जुझारू महिला के रूप में क्षेत्र के लिए



जिला पंचायत सदस्य मिलने से अंचल में हर्ष व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि श्रीमती सविता तिलक सोरी अंबागढ़ चैकी विकासखंड के मूल निवासी है। उनके पति श्री तिलक सोरी राज्य वित्त सेवा के शिर्षस्थ अधिकारी के रूप में संचालनालय कोष, लेखा एवं पेशन विभाग में वित्त नियंत्रक के पद पर पदस्थ है। श्रीमती सविता सोरी लंबे समय तक अंचल के विकास के लिए सक्रियता के साथ काम कर रही है। श्रीमती सविता सोरी के प्रचंड मतों से विजयी होने पर गोण्डवाना समाज के संभागीय अध्यक्ष श्री नरेन्द्र नेताम, संभागीय संरक्षक श्री जगत सलामे एवं श्री सुरेश दुग्गा, संभागीय सलाहकार श्री हीरेसिंह घावड़े, महासचिव श्री तुकाराम कोर्राम, कोषाध्यक्ष श्री तुलसी राम मरकाम, संभागीय सचिव श्री कुमार कोरेटी, युवा प्रभाग के संभागीय अध्यक्ष श्री अंगद सलामे, ब्लाक अध्यक्ष सर्वश्री बाबूराव हिड़को, दिनेश कोरेटी, गोविंद टेकाम, मानसाय बोगा, छबिलाल वट्टी, दिनेश उसेण्डी, श्री ज्ञान घावड़े सहित श्री जागेश्वर मण्डावी, मन्ने मण्डावी, लखन सोरी, अरविंद गोटे, पुरूषोत्तम मण्डावी सहित सभी समाज प्रमुखों ने श्रीमती सविता तिलक सोरी के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई प्रेषित की है।

## महाराजपुर की जनता को भारतीय जनता पार्टी की सरपंच बनाने के लिए हार्दिक बधाई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** एक समय महाराजपुर ही नहीं सारे भारत में कांग्रेस पार्टी का एक छत्र राज था इस छोटे से गांव में जनता पार्टी बाद में भारतीय जनता पार्टी की नींव महाराजपुर में नरेन्द्र कुमार शुक्ल द्वारा रखी गई थी। इसी गांव से कहानी शुरू होती है कांग्रेस के पतन की शुरुआत होती है और आज सारा भारत कांग्रेस विहीन हो रहा है। नरेन्द्र कुमार शुक्ल का सम्पर्क महाराजपुर ही नहीं छत्तीसगढ़ में होते रहता है। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव में जो भारी बहुमत महाराजपुर सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ को नरेन्द्र कुमार शुक्ल,पूरक एकता यात्रा कटनी से होशंगाबाद एक मात्र बालाघाट जिला प्रतिनिधि भाजपा किरनापुर की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



## कलेक्टर की अध्यक्षता में विभिन्न सहकारी समितियों के विकास में विभिन्न निर्णय लिए गए

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला सहकारी विकास समिति ;क्ब्क्ब्द्ध की बैठक कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट



शक्ति कक्ष राजनांदगांव में आयोजित हुई द्य बैठक में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के आयोजनए सेवा सहकारी समितियों में गोदामों का निर्माणए बीज प्रसंस्करण इकाई की स्थापना, सेवा सहकारी समितियों में धर्मकांटा की स्थापनाए जन.औषधि केंद्र में व्यवसाय बढ़ाने की कार्ययोजनाए जल जीवन मिशन के तहत कार्यपूर्ण करने वाले पंचायतों द्वारा कार्य संचालन के लिए समिति को सौंपना, मॉडल पैक्स बनाये जाने का अनुमोदन, सभी सहकारी समिति और उनके सदस्यों के बैंक खाते जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव में खुलवाने, डपबतव ।ज्ड का अधिकतम उपयोग एवं त्नचंल ज्ञब्ब ब्तक का वितरण, अग्रिम उठाव के तहत रासायनिक खाद भण्डारण, धान के बदले अन्य फसलों पर ऋण स्वीकृति एवं वितरण, द्वारा सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से अन्य फसलों का उपार्जन, कार्यशील सहकारी समितियों के पंजीयन निरस्ती की कार्यवाही, सहकारी समितियों के अंकेक्षण प्रगति और अंकेक्षण शुल्क की वसूली तथा सभी पंजीकृत सहकारी समितियों को जिला सहकारी संघ मर्यादित राजनांदगांव की सदस्यता प्रदाय किया जाना सहित जिले के विभिन्न सहकारी समितियों के विकास में विभिन्न निर्णय लिए गए।

## राजा खुज्जी के सरपंच बने अजय पंसारी (पिंटू) ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायत राजा खुज्जी से सरपंच पद के प्रत्याशी अजय पंसारी (पिंटू)ने प्रचंड बहुमत से जीत हासिल कर दूसरे बार सरपंच बने। सरपंच चुने जाने की खुशी में ग्राम राजा खुज्जी में भव्य विजय जुलूस निकाला गया। ग्रामीणों ने पुष्पमाला से स्वागत किया। वहीं, बाजा की धुन पर नृत्य करते हुए झूम उठे। ग्रामीण एवं कार्यकर्ताओं के साथ जीते प्रत्याशी ने घर-घर जाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सरपंच अजय पंसारी (पिंटू)ने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य सबका साथ, गांव का विकास है.साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता व ग्राम विकास के लिए कार्य करना है।ग्रामवासियों ने समस्त नवनिर्वाचित पंचायत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

## सुबह सफाई दौरा, बसंतपुर में सफाई निरीक्षण कर वार्डवासियों से आयुक्त ने लिया फिडबेक



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा द्वारा सुबह वार्ड में सार्फ्ड निरीक्षण कर सफाई कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देकर स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च स्थान प्राप्त करने निर्धारित कार्य करने निर्देशित कर रहे है। आज उनके द्वारा बसंतपुर में सफाई का जायजा लेकर वार्डवासियो से फिडबेक लिया गया।

बंसंतपुर की गलियों व सडकों में पैदल भ्रमण कर आयुक्त श्री विश्वकर्मा साफ सफाई देखे, उन्होंने सुपरवाईजर से कहा कि वार्ड के हर क्षेत्र में झाडू लगे, नाली साफ कर कचरा उसी दिन उठावे। कोई भी कर्मचारी अनावश्यक अनुपस्थित नहीं रहेगा और सभी सफाई कर्मी निर्धारित समय तक अपने दायित्वों का निर्वाहन करेंगे। उन्होंने कहा कि अगामी माह में स्वच्छता सर्वेक्षण होना है, उसके पूर्व सफाई व्यवस्था दुरूस्त किया जाना है। किसी भी प्रकार की परेशानी से स्वच्छता निरीक्षणक या स्वास्थ्य अधिकारी को अवगत करावे। आयुक्त ने वार्ड के नागरिको से सफाई के संबंध मे चर्चा किये। उन्होंने नाली सफाई, रोड सफाई के बारे में जानकारी ली। लोगों ने कहा कि नाली व रोड की सफाई होती है, घर घर कचरा लेने भी स्वच्छता दीदी आती है। आयुक्त ने कहा कि आप लोग गिला व सुखा कचरा अलग अलग रखे और स्वच्छता दीदीयों को दे। उन्होंने खाली प्लाट में कचरा एवं झिल्ली पन्नी बिखरा देख प्लाट के मालिक को नोटिस देने कहा। साथ ही कचरा एवं झिल्ली पन्नी फेकने वाले की पहचान कर जुर्माना लगाने निदेशित किये। बसंतपुर सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण कर संचालक से कहा कि प्रतिदिन ठीक से साफ सफाई किया जाये, पानी की पर्याप्त उपलब्धता हो, यूजर को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाये।

## ध्वनी प्रदुषण पर रोक लगाने की मांग

**जोंधरा (नांदगांव टाइम्स)।** एक मार्च से ही 10-12वीं की परीक्षाएं शुरु होने वाली है, विद्यार्थी इस समय घरों में परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, पर बेलगाम लाऊडस्पीकरों के कारण समस्त छात्र - छात्राएं पूरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं, शहरों की अपेक्षा ये शोर ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों ज्यादा ही है, शासन यदि इस मसले पर संज्ञान लेते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर कार्यवाही करे तो हजारों विद्यार्थी इस शोर से मुक्त होकर अपना श्रेष्ठ अध्ययन कर सकते हैं।

## मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री की पहल पर जिला जेल राजनांदगांव में महाकुंभ स्नान का विशेष आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री श्री विजय शर्मा की पहल पर जिला जेल राजनांदगांव में महाकुंभ स्नान का विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर आत्मशुद्धि और नैतिक उत्थान के लिए 358 बंदियों ने प्रयागराज से लाए गंगा जल की पूजा-अर्चना की एवं स्नान किया। इस अवसर पर बंदियों में उत्साह रहा। बंदियों ने इस स्नान के माध्यम से मानसिक और आध्यात्मिक शांति की प्राप्ति की आशा व्यक्त की। कैदियों के बीच धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व को बढ़ावा देने के लिए जेल प्रशासन द्वारा महाकुंभ स्नान के आयोजन की विशेष व्यवस्था की गई थी। शासन की इस अनोखी पहल से सभी बंदियों में हर्ष का वातावरण दिखा एवं काफी उत्सुकता एवं प्रसन्नता से बंदियों ने महाकुंभ स्नान किया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्री अक्षय सिंह राजपूत, सहायक जेल अधीक्षक



सुश्री पूजा तिवारी एवं जेल के सभी स्टॉफ उपस्थित थे। जेल अधीक्षक श्री अक्षय सिंह राजपूत ने बताया कि जिला जेल राजनांदगांव में महाकुंभ स्नान का आयोजन कराया गया। प्रयागराज से गंगाजल उपलब्ध कराया गया है। समस्त बंदियों ने पूजा की और स्नान किया तथा उनमें एक सकारात्मकता दिखी है। उनके मन में यह बात थी कि वे महाकुंभ में शामिल होने प्रयागराज नहीं जा पा रहे है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए जेल में निरूद्ध 358 बंदियों के लिए यह विशेष आयोजन किया गया। पुलिस विभाग द्वारा सुधारात्मक सेवाओं पर कार्य किया जा रहा है। जेल बंदियों को अपराध की दुनिया से दूर कर सुधारात्मक क्षेत्र में लाना है। उनकी आस्था को जीवंत रखना एवं उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए यह पहल की गई है।

## ज्ञान मंथन

*1) मध्यप्रदेश के किस जिले में विजय कुमार इंटरनेशनल ने डायमंड कटिंग एण्ड पॉलिशिंग प्लांट की स्थापना की है?*
*2) वन्यजीव संरक्षण के संबंध में दिए जाने वाले अमृता देवी राष्ट्रीय पुरस्कार की शुरूआत कब की गई थी?*
*3) इस्लाम धर्म अपनाने वाले भीलों को क्या नाम दिया गया है?*
*4) किस जनजाति के लोगों को औषधियों से संबंधित अच्छी जानकारी होती है?*
*5) फ्रांस के सबसे कम आयु के प्रधानमंत्री कौन है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) धार (2) 2013 (3) तड़वी (4) बैगा (5) गैब्रियल एट्टल

# लोकमाता अहिल्यादेवी होलकर शताब्दी 300वां जन्म समारोह स्वदेशी मेला में मनाया गया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राष्ट्र सेविका समिति (राजनांदगांव) द्वारा स्वदेशी जागरण मंच के तत्वाधान में आयोजित स्वदेशी मेला 2025 के मंच पर पुण्यश्लोक लोक माता अहिल्यादेवी होलकर तृशताब्दी जन्म समारोह मनाया गया ! इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न समाज की महिला अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी सदस्यों के साथ भाग लिया ! सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया! राष्ट्रीय सेविका समिति की प्रांत सह प्रचार प्रसार प्रमुख श्रीमती अंशु सिंह चौहान के साथ मंच पर पदासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभ आरंभ किया गया एवं श्रीमती नमिता शुक्ला द्वारा दीप ज्योति मंत्र लिया गया ! मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत सह प्रचार प्रमुख श्रीमती अंशु सिंह चौहान ने पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्या देवी होलकर जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सूर्य की तेजस्विता, चांद की शीतलता, सागर की गंभीरता, और धरती की सहनशीलता की पर्याय प्रजावत्सल अहिल्या देवी होलकर बहुव्यक्तित्व एवं बहुकृतित्व की विलक्षण स्वामिनी थी। भारतीय सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहर का उनके द्वारा किया गया संरक्षण, भारत के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ योगदान है। उन्होंने पुण्यश्लोकी माता के जीवन की विषम एवं विपरीत परिस्थितियों की विस्तृत व्याख्या करते हुए उनके स्वर्णिम शासन काल के कई उदाहरण प्रस्तुत किए। 卐संपत्ति सब रघुपति के आहे, कम से



कम सेना-अधिक से अधिक यश, राजकोष का धन-प्रजा परिश्रम की पूंजी, न्याय की सीढ़ी, कठोर दंड का प्रावधान, अद्भुत डाक व्यवस्था, उन्नत व्यापार, समृद्ध वेद-विज्ञान, कला-संगीत, ज्योतिष-चिकित्सा व्यवस्था, विधवाओं को पति के संपत्ति में अधिकार को सरल शब्दों में समझाया। सहजता और सात्विकता की मूर्ति अहिल्याबाई जी के सम्पूर्ण भारत में बद्रीनाथ से रामेश्वरम तक के मंदिरों के जीर्णोद्धार की कथा बताते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में हमें भी अपने मन-मंदिर के विषय में पुनर्विचार कर उनका जीर्णोद्धार करना चाहिए। हमें भव्यता में नहीं, भाव में लीन होना चाहिए। अंत में उन्होनें कहा कि हर मातृशक्ति को प्रजाहीतदक्ष लोकमाता जी से प्रेरणा लेते हुए, अपने जीवन काल में समाजहित और राष्ट्रहित कार्य कर विकासशील भारत में अपना योगदान सुनिश्चत करना हीं होगा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीमती सुमित्रा बेन पटेल उपाध्यक्ष पाटीदार समाज, श्रीमती प्रतिमा बंजारे अध्यक्ष सतनामी समाज श्रीमती दीपा बागड़ी अध्यक्ष माहेश्वरी समाज ,श्रीमती नीरा साहू उपाध्यक्ष साहू संघ श्रीमती मंजू खोकरिया अध्यक्ष अग्रवाल समाज, श्रीमती ममता अवस्थी महिला अध्यक्ष कान्य कुब्ज ब्राह्मण समाज श्रीमती मंगला पथोडे अध्यक्ष महाराष्ट्रीयन कुनबी समाज , सुश्री सरस्वती यादव यादव महिला समिति की अध्यक्ष अपनी सदस्यों के साथ उपस्थित रही! एकल गीत श्रीमती अर्पिता मिश्रा द्वारा प्रस्तुत किया गया! छत्तीसगढ़ राजकीय गीत श्रीमती एकता अग्रहरि जी द्वारा गाया गया ! इसी बीच उपस्थित महिलाओं की कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करते हुए प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई जिसमें उपस्थित महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया! मंच पर उपस्थित अतिथियों ने समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपनी भावनाएं वक्तव्य के माध्यम से प्रस्तुत किया! अंत में विभाग कार्यवाहीका डॉ श्रीमती उषा मिश्रा द्वारा सभी के सहयोग एवं उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया गया ! श्रीमती ऋतु शर्मा द्वारा संचालन एवं कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम गीत द्वारा किया गया।

## महाशिवरात्रि पर्व में नवागांव में विशाल भण्डारा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** महाशिवरात्रि पर्व पर बजरंगपुर नवागांव में महाकाल शिवरात्रि पर्व समिति एवं वार्डवासियों द्वारा अमृत गार्डन के पास विशाल भंडारा आयोजित किया गया है समिति के चंदन मानिकपुरी के समस्त भक्तों से भंडारा में उपस्थिति होकर भोलेनाथ का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। उक्त जानकारी योगेश साहू ने दी।

## उषा चौहान बनी खैरा की सरपंच, ऐतिहासिक वोटों से दर्ज की जीत

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम पंचायत खैरा में सरपंच पद के लिए हुए चुनाव में श्रीमती उषा दीपक चौहान ने ऐतिहासिक 443 वोटों से जीत दर्ज कर खैरा खुड़मुड़ी की सरपंच निर्वाचित हुई। बता दे कि श्रीमती उषा चौहान भाजपा नेता दीपक चौहान की धर्मपत्नी है। राजनीति लंबे समय से काम करने से इनका पहचान शहर तथा गांवों में एक सफल नेता के रूप में उभरा है। इनकी मिलन सारिता के चलते इन्होंने सभी वर्ग में अपनी एक अलग पहचान बनाया है। इसी का परिणाम है कि शहर में पार्षद और गांव में सरपंच पद ऐतिहासिक वोटों से जीतकर अपनी लोकप्रियता और योग्यता को साबित कर दिखाया। सरपंच बनने पर गांव से लेकर शहर के नेताओ व कार्यकर्ताओं बधाई देते रहे।



## दिग्विजय महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सुमीता श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया । विभागाध्यक्ष डॉ. सुमीता श्रीवास्तव ने अपने स्वागत उद्बोधन में बैठक के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला । इस बैठक में विद्यार्थियों के पठन-पाठन एवं उनसे जुड़े विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की गई। अभिभावकों को भी महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं जैसे रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं रीडिंग रूम की जानकारी दी गई साथ ही उनसे सुझाव भी आमंत्रित किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ.महेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया । धन्यवाद ज्ञापन डॉ.मीना प्रसाद ने किया। इस बैठक में विभाग के प्राध्यापक डॉ. खेमारानी दुबे , डॉ. दिनेश प्रसाद एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।



# पलाश के फूलों से महिलाये खेलेंगे होली

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** माँ बम्लेश्वरी स्वंय सहायता समुह से जुड़ी हरियाली बहिनी पलाश के फूलों से खेलेंगी होली अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन ने बताया कि गाँव गाँव में बैठक लेकर पलाश के फूलों को एकत्रित करने प्रेरित की जा रही है । विगत दिनों छुरिया विकासखंड के ग्राम चिखलाकसा में फूलों को एकत्रित करने की शुरूआत की गई है। लगभग 100 गांवों में चलने वाली अभियान में 5000 के आसपास महिलाये फूलों का रंग गुलाल से होली खेलेंगे साथ ही बिक्री करने बाजार में उतरेंगे। फुलों के रंग गुलाल बनाने रविवार दिनांक 02 मार्च को



प्रशिक्षण की तिथी तय की गई है ताकि 14 मार्च को होने वाली होली में अधिक से अधिक व्यवसाय करने का समय मिल सकें। ग्रामीण क्षेत्र में बहुतायत मात्रा में मिलने वाले पलाश (टेशु) में इन दिनों फूल लगी हुई है, फूल देखने में सुंदर लगते है उससे अधिक ये फूल फायदेमेंद साबित हो सकते है। पलाश पौधे के फूल, छाल, पत्ती और बीज किसी औषधी से कम नही है यह फूल हमारे सेहत के लिये फायदेमंद माने जाते है। आयुर्वेद में इन फूलों को एक औषधीय फूल के रूप में जाना जाता है, पलाश में रोगाणुरोधी और एंटीऑक्सीडेंट गुण पाये जाते है, जो लिवर, डायरिया या अन्य बीमारी में ईलाज के लिये प्रयोग किया जाता है। पलाश का पौधा, बुखार, चर्मरोग, सिरोसिस, डायबिटिज, मूत्रवरोध, गर्भाधान रोकने, और नेत्र ज्योति बढ़ाने सहित कई बीमारी में लाभदायक है। इसके अलावा पेट में कीड़ा, घाव भरने एवं त्वचा रोग के साथ ही महिलाओं को होने वाली कई गंभीर बीमारी से बचाव में यह बेहत कारगर होते है।

## भांठागांव की सरपंच बनी संतोषी वैष्णव

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भांठागांव ग्राम पंचायत से सरपंच चुनाव में संतोषी वैष्णव को प्रचंड मतों से जीत मिली। संतोषी वैष्णव दिलीप वैष्णव की धर्मपत्नी है, श्री वैष्णव भी पंच निर्वाचित हुए हैं, दोनों की जीत से पूरे गांव में खुशी का माहोल है। बता दें कि संतोषी वैष्णव को इसके पूर्व बतौर उपसरपंच कार्य करने का भी अच्छा अनुभव रहा है और वह आंचल कलस्टर (बिहान) पदुमतरा 45 गाँवो की पूर्व अध्यक्ष भी रह चुकीं हैं। श्रीमती वैष्णव ने भांठागांव के सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे गांव के सर्वांगीण विकास और हर नागरिक के जीवन को खुशहाल बनाने का लक्ष्य लेकर सदैव कार्य करती रहूंगी और आप सबकी सेवा के लिए सदैव तत्पर रहूंगी। मुझ पर विश्वास रखने के लिए सभी देवतुल्य मतदाताओं का आभार और जिन्होंने भी मुझे प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान किया उन सभी का सहृदय आभार एवं धन्यवाद करती हूं।



# लालूटोला में नवनिर्मित 33/11 के.व्ही. सब स्टेशन को किया गया ऊर्जीकृत



**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा विकासखण्ड़ छुरिया के ग्राम लालूटोला में मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अन्तर्गत 2 करोड़ 75 लाख रू0 की लागत से नवनिर्मित 33/11 के0व्ही0 उपकेन्द्र को राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेषक श्री शिरीष सेलट के करकमलो द्वारा ऊर्जीकृत किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री शंकेश्वर कंवर, कार्यपालन अभियंता श्री एन0के0 साहू, श्री मुकेश साहू, श्री ए.डी. टण्डन, सहायक अभियंता श्री दिनेश कुमार चतुर्वेदी, श्री अजय विश्वकर्मा, श्री आर0 के0 साहू सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित हुए। इस उपकेन्द्र में स्थापित 3.15 एम0व्ही0ए0 के पॉवर ट्रांसफार्मर से निकलने वाले 11 के0व्ही0 के तीनों फीडरों यथा लालूटोला, बापूटोला एवं कुबराडीह के माध्यम से 17 ग्रामों के 4500 कृषक एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं को निर्बाध व गुणवत्तापूर्ण विद्युत की सुविधा सुनिश्चित हो जायेगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजनांदगांव् संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री एन0 के0 साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत नवनिर्मित इस उपकेन्द्र में 3.15 एम0व्ही0ए0 का नया पॉवर ट्रांसफार्मर, 7.50 कि0मी0 33 के0व्ही0 एवं 8.50 कि0मी0 11 के0व्ही0 की नई लाइन सृजित की गई है। छुरिया उपसंभाग के ग्राम लालूटोला में नवनिर्मित इस 33/11 के0व्ही0 उपकेन्द्र के क्रियाशील हो जाने से ग्राम लालूटोला, बिसाहूटोला, बरछाटोला, बापूटोला, पाटेकोहरा, नरायणगढ़, रामपुर, लालूटोलाखार, पिनकापार, नवागांव, मासूलजोब, कुबराडीह, रानीतालाब, औंराटोला, कुहीकोड़ा एवं सड़कबंजारी के लगभग 4500 उपभाक्ताओं को उच्च गुणावत्तापूर्ण विद्युत की सुविधा मिलेगी।

# कॉलोनी में मंदिर/चबूतरा निर्माण पर हाईकोर्ट ने शासन, राजनांदगॉव निगम सहित 10 लोगों को जारी किया नोटिस



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ममतानगर स्थित प्रिन्सेंस प्लेटिनम कॉलोनी में स्थित गार्डन में आदर्श आचार संहिता 2025 के दौरान मंदिर/चबूतरा निर्माण को लेकर एक शिकायत श्रीमती दीपा रामटेके ने 09, 10, 12, फरवरी 2025 को शिकायत की थी, जिसपर कोई कार्यवाही नहीं की गई, इधर चबूतरा निर्माण का काम चल ही रहा था, जिसके बाद पुन: 13 फरवरी 2025 को शिकायत करने पर नगर पालिक निगम राजनांदगॉव ने खुली भूमि/गार्डन पर अवैधानिक रूप से चबूतरा निर्माण को छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1856 की धारा 293 (1), (2) एवं 302 के तहत अपराध मानते हुए, निर्माण कार्य को तत्काल बंद करने का नोटिस जारी किया. इसके बाद भी कुछ लोगों के द्वारा जो शासकीय कर्मचारी होते हुए भी निर्माण कार्य करा रहें है. जिसकी लगातार शिकायत दिन-प्रतिदिन की जा रही है. दिनांक 23 फरवरी रविवार अवकाश होने से दुबारा निर्माण कराया गया जिसकी वाट्सअप के माध्यम से जिलाधीश सहित निगम अधिकारी को की गई. जिसके बाद 24 फरवरी को आवेदक जिलाधीश से भेंट कर कार्यवाही की मॉग की, जिसपर तत्काल फाईल निगम को भेजी गई, निगम अधिकारी सहित जिलाधीश को अवगत कराया गया कि माननीय सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाईन के अनुसार सार्वजनिक जगह, गार्डन पर मंदिर, मस्जिद, चर्च का निर्माण नहीं किया जा सकता है. इसी परिपेक्ष में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अक मामले में पूर्व से निर्मित मंदिर को स्वयं हटाने अथवा तोडने का आदेश दिया है, इस पर निगम ने उक्त निर्माण को हटाने/तोडने का आश्वासन दिया है. इसी मामले पर अक पीटिशन हाईकोर्ट में लगी है, जिसपर मंगलवार 25 फरवरी को माननीय हाईकोर्ट ने शासन, निगम सहित सभी 10 लोगों को नोटिस जारी किया है, आवेदिका की ओर कोर्ट में पैरवी लवकुमार रामटेके, अधिवक्ता छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने की.

## धर्म समाचार....

# गुरु गोचर से 6 राशि वाले नोटों में लगाएंगे गोते, चमक जाएगी किस्मत

गुरु 14 मई 2025 को मिथुन राशि में गोचर करेंगे और 18 अक्टूबर 2025 तक वहां रहेंगे। इस गोचर का कुछ राशियों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, जिससे उनका भाग्य चमकेगा। इस आर्टिकल में हम उन चार राशियों के बारे में बताएंगे जिनके लिए यह समय शुभ होगा। ज्योतिष शास्त्र में गुरु का बहुत अच्छे ग्रह के रूप में वर्णन किया गया है। वह बहुत ही शुभ, सौम्य और सौभाग्य देने वाला ग्रह कहा जाता है। धनु और मीन राशि का स्वामित्व रखने वाले देवगुरु बृहस्पति सकारात्मक प्रभाव से विवाह, संतान, धन, करियर और शिक्षा से जुड़ी समस्याओं को दूर करते हैं। गुरु 14 मई 2025 को सुबह 2 बजकर 30 मिनट पर मिथुन राशि में गोचर करने वाले हैं। वह इसमें 18 अक्टूबर 2025 तक रहेंगे। इस साल गुरु दो बार अपनी चाल बदलेंगे। ऐसे में कुछ राशियों के लिए बहुत ही भाग्यशाली होने वाले हैं। हम इस आर्टिकल में आपको उन चार राशियों के बारे में बताने वाले हैं, जिनका गुरु के गोचर करने से भाग्य उदय होने वाला है। न्याय के देवता शनि 28 फरवरी को होंगे अस्तज् मेष और तुला राशि वालों को होगा बंपर लाभ, जानिए शेष राशियों पर असर




**मेष राशि**- गुरु के राशि परिवर्तन करने से मेष राशि के जातकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएंगे। उनका भाग्य उदय होगा। आपके लिए यात्रा करना शुभ होगा, जिससे आर्थिक लाभ भी मिलेगा। मेष राशि पर मार्च के आखिर से साढ़ेसाती का दौर शुरू होगा।

**वृषभ**- गुरु का गोचर इस राशि के जीवन में तरक्की लेकर आएगा। जीवन में सफलता पाने के लिए आ रही बाधाएं दूर होंगी। रुके हुए बनने लगेंगे। आर्थिक तरक्की मिलेगी, जिससे सामाजिक प्रतिष्ठा होगी। करियर में रुकावटें दूर होंगी। अविवाहित जातकों का विवाह हो जाएगा।

**मिथुन**- न्याय के देवता शनि 28 फरवरी को होंगे अस्तज् मेष और तुला राशि वालों को होगा बंपर लाभ, जानिए शेष राशियों पर असरस्द्धड्डुठ्ठद्ब त्रशष्द्धड्डुह्ल: न्याय के देवता शनि 28 फरवरी को होंगे अस्तज् मेष और तुला राशि वालों को होगा बंपर लाभ, जानिए शेष राशियों पर असर

गुरु के राशि परिवर्तन करने से मिथुन राशि वालों को आर्थिक मजबूती मिलेगी। व्यापार में जबरदस्त सफलता मिलेगी, जिससे धन लाभ होगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। इस दौरान कोई बड़ा प्रोजेक्ट भी हाथ लग सकता है।

**सिंह राशि**- गुरु के गोचर से सिंह राशि वालों की जिंदगी बदल जाएगी। आपको अब तक हो रही समस्याएं धीरे-धीरे दूर होती जाएंगी। व्यापारियों को जबरदस्त धन लाभ होगा। स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं दूर हो जाएंगी।

**कन्या राशि**-

गुरु गोचर से कन्या राशि के जातकों को जीवन में सफलता मिलेगी। व्यवसाय से जबरदस्त धन लाभ होगा। इस दौरान कोई नया काम भी शुरू कर सकते हैं। नौकरी में बदलाव हो सकता है। दांपत्य जीवन सुखमय होगा। पार्टनर से चल रहा विवाद सुलझेगा।

**कुंभ राशि**- गुरु के राशि परिवर्तन करने से कुंभ राशि को हर मोर्चे पर सफलता मिलेगी। व्यापार करने वाले जातकों को नए प्रोजेक्ट मिल सकते हैं, जिससे धन लाभ होगा। नौकरीपेशा जातकों को प्रमोशन मिल सकता है। इस दौरान शनि गोचर के बाद साढ़ेसाती का दूसरा चरण भी खत्म हो जाएगा।


## फाल्गुन अमावस्या पर पितरों को इस तरह करें प्रसन्न, सुख-समृद्धि का मिलेगा आशीर्वाद

इस साल फाल्गुन माह की अमावस्या गुरुवार 27 फरवरी 2025 को मनाई जा रही है। इस तिथि पर पवित्र नदी में स्नान करना व गरीबों और जरूरतमंद लोगों के बीच दान करना बहुत ही शुभ माना गया है। साथ ही आप इस तिथि पर कुछ उपायों द्वारा आप पितरों की कृपा भी प्राप्त कर सकते हैं। अमावस्या तिथि हिंदू धर्म की महत्वपूर्ण तिथियों में से एक है। यह तिथि पितरों को प्रसन्न करने और पितृ दोष से मुक्ति पाने के लिए काफी महत्वपूर्ण मानी गई है। ऐसे में आप फाल्गुन अमावस्या पर पितरों की कृपा प्राप्ति के लिए कुछ खास उपाय कर सकते हैं। चलिए जानते हैं इस बारे में।




**जरूर करें ये काम** - अमावस्या के दिन सुबह जल्दी उठकर पवित्र नदी में स्नान करें। अगर आपके लिए ऐसा करना संभव नहीं है, तो आप घर पर ही पानी में गंगाजल मिलाकर भी स्नान कर सकते हैं। इसी के साथ अमावस्?या के दिन पीपल के पेड़ का पूजा कर सात बार परिक्रमा करें। साथ ही पेड़ के नीचे सरसों के तेल में काले तिल डालकर दीपक भी जलाएं।

**इस दिशा का रखें ध्यान**- अमावस्या तिथि पर घर के बाहर दक्षिण दिशा में सरसों के तेल का दीपक जरूर जलाना चाहिए, क्योंकि दक्षिण दिशा को पितरों की दिशा माना जाता है। ऐसे में इस उपाय करने से जातक को पितरों का आशीर्वाद मिलता है और जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। **पितृ होंगे प्रसन्न**- फाल्गुन माह की अमावस्या पर पितृ चालीसा का पाठ का पाठ करना भी काफी लाभदायक है। इस दिन ब्राह्मणों को भोजन भी जरूर करवाएं और अपनी क्षमता के अनुसार दान-दक्षिणा दें। इसी के साथ अमावस्या पर गरीबों व जरुरतमंदों को भी अपनी क्षमतानुसार अन्न, धन और वस्त्रों का दान करें।




प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com